हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 अप्रैल 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति-आवश्यक है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का देश के विकास में अतुलनीय योगदान है। श्री मोदी ने कहा कि संसद के बजट सत्र का विशेष सत्र 16 अप्रैल से शुरू हो रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों को मिल कर इस विधायक को पारित करना चाहिए।

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, महिला सशक्तिकरण, आत्मसम्मान और लोकतांत्रिक भागीदारी को सुनिश्चित करता है। उन्होंने कहा कि आज देश की बेटियां राष्ट्र के विकास पथ की ध्वजवाहक बन रही हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं विश्वपटल पर एक नई पहचान बना रही हैं। श्रीमती अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण ही यह महिला सशक्तिकरण की दिशा में परिवर्तन, वास्तविकता में बदल पाया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत की अवधारणा, महिला के सशक्तिकरण के माध्यम से ही पूरी होगी।

इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, देश को विकास पथ पर आगे ले जाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि भारत में महिलाओं ने अपने ही देश में सम्मान और समान अधिकार प्राप्त करने के लिए लंबा संघर्ष किया है। श्रीमति गुप्ता ने कहा कि भारत आज बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी बढ़ाओ के युग में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी नीतियों और योजनाओं के केंद्र में महिलाओं को रखा है। श्रीमती गुप्ता ने कहा कि आज करोड़ों जन धन खातों के माध्यम से महिलाएं, मुख्यधारा से जुड़ रही हैं।

सुविख्यात पार्श्व गायिका आशा भोंसले का अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे मुंबई के शिवाजी पार्क में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। कल मुंबई के एक अस्पताल में 92 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था। हमारी संवाददाता ने बताया है कि लोग आज सुबह 11 बजे से उनके आवास लोअर परेल स्थित कासा ग्रांडे में आशाताई के अंतिम दर्शन कर रहे हैं।

हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज पलवल के सेक्टर-2 स्थित धर्म नगर कॉलोनी का दौरा कर गत दिनों हुई आगजनी से पीड़ित परिवारों को राहत सामग्री वितरित की। इस अवसर पर उपायुक्त हरीश कुमार वशिष्ठ भी मौजूद रहे।खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने पीड़ित परिवारों से आगजनी के कारण हुए नुकसान के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद प्रदान की जाएगी। मीडिया से बातचीत में खेल राज्य मंत्री ने कहा कि धर्म नगर कॉलोनी में आगजनी के कारण करीब 25 परिवार बेघर हो गए थे। पीड़ित परिवारों को खाद्य सामग्री का वितरण किया गया है, और आज मूलभूत जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशासन द्वारा

गैस सिलेंडर,चूल्हा,बर्तन सहित दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवारों के बच्चों को स्कूल जाने के लिए वर्दी देने की व्यवस्था भी की जाएगी।

भिवानी के धनाना गाँव की बेटी मुक्केबाज़ प्रिया का एशियाई मुक्केबाज़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद भिवानी पहुँचने पर स्वागत किया गया। प्रिया ने इस प्रतियोगिता में 60 किलोग्राम भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। प्रिया ने हर मुकाबला विश्व विजेता प्रतिद्वंदीयों को एक तरफा हराकर जीता। इस अवसर पर प्रिया घणघस ने कहा कि अब वो इसी साल होने वाले राष्ट्रमंडल, एशियाई तथा 2028 के ओलंपिक खेलों में देश को स्वर्ण पदक दिलाने के लिए मेहनत करेंगी।